**प्रश्न बैंक**

**कक्षा: आठवीं (प्रथम भाषा)**

**विषय- हिंदी**

**(2022-2023)**

**(केवल विलक्षण प्रतिभा वाले विद्यार्थियों के लिए )**

**Only for Differently Abled (DA)**

**[For Autism Spectrum Disorder (ASD), Cerebral Palsy, Chronic Neurological Conditions, Specific Learning Disability, Multiple Disabilities including Deaf-blindness, Parkinson's Disease, Mental illness, Visually Impaired, Hearing impaired and Intellectual Disability (ID) students]**

# भाग-क

## (1) बहुवैकल्पिक प्रश्न :

### (i) समानार्थक (पर्यायवाची) शब्द में से एक प्रश्न पूछा जायेगा।

**निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**समानार्थक(पर्यायवाची) शब्दों से सम्बंधित**

1. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'शत्रु' का पर्यायवाची शब्द है?
   (क) दुश्मन (ख) मित्र (ग) दोस्त (घ) सखा
   उत्तर:- (क) दुश्मन
2. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'युद्ध' का पर्यायवाची शब्द है?
   (क) शांति (ख) लड़ाई (ग) चुप (घ) दोस्ती
   उत्तर:- (ख) लड़ाई
3. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'पानी' का पर्यायवाची शब्द है?
   (क) दूध (ख) तेल (ग) पवन (घ) जल
   उत्तर:- (घ) जल
4. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'उपहार' का पर्यायवाची शब्द है?
   (क) भेंट (ख) मज़ाक (ग) उपहास (घ) ऊपर
   उत्तर:- (क) भेंट
5. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'दुःख' का पर्यायवाची शब्द है?
   (क) सुख (ख) पीड़ा (ग) आनन्द (घ) समृद्धि
   उत्तर:- (ख) पीड़ा
6. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'हाथ' का पर्यायवाची शब्द है?
   (क) हाथी (ख) मदद (ग) साथ (घ) हस्त
   उत्तर:- (घ) हस्त
7. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है?

(क) मेघ (ख) वर्षा (ग) बादल (घ) गगन

उत्तर:- (घ) गगन

8. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'पेड़' का पर्यायवाची शब्द है?

(क) फूल (ख) वृक्ष (ग) पत्ते (घ) जड़

उत्तर:- (ख) वृक्ष

9. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'घोंसला' का पर्यायवाची शब्द है?

(क) बिल (ख) घरौंदा (ग) पेड़ (घ) गुफा

उत्तर:- (ख) घरौंदा

10. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'आँख' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(क) नयन (ख) नेत्र (ग) चक्षु (घ) नज़ारा

उत्तर:- (घ) नज़ारा

11. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'आग' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(क) उजाला (ख) अग्नि (ग) दाहक (घ) पावक

उत्तर:- (क) उजाला

12. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'राक्षस' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(क) दानव (ख) असुर (ग) निशाचर (घ) देव

उत्तर:- (घ) देव

13. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'लहर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(क) मौज (ख) वायु (ग) तरंग (घ) हिलोर

उत्तर:- (ख) वायु

14. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'राजा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(क) प्रजा (ख) नरेश (ग) शासक (घ) नरपति

उत्तर:- (क) प्रजा

15. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'वन' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(क) बगीचा (ख) जंगल (ग) कानन (घ) विटप

उत्तर:- (क) बगीचा

---

## (ii) शब्द शुद्धि में से एक प्रश्न पूछा जायेगा।

**शुद्ध-अशुद्ध शब्दों से सम्बंधित**

भाशा- भाषा

दूरघटना- दुर्घटना

अनूरोध- अनुरोध

विभूती- विभूति

लहूलूहान- लहुलुहान

परिक्षा- परीक्षा

धनयवाद- धन्यवाद

शिवीर- शिविर

छतर- छत्र

आननन्द- आनन्द

मोबाईल- मोबाइल

रस्ते- रास्ते

परमाणू- परमाणु

बलकि- बल्कि

सवाद- स्वाद

दुपहर- दोपहर

मतबल- मतलब

-----------------------------------------------------------------------------------

## (iii) संज्ञा,सर्वनाम,कारक,विशेषण की पहचान में से चार प्रश्न पूछे जायेंगे।

### निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द चुनें-

1. हामिद के पॉव में जूते नहीं हैं । उत्तर:- हामिद, पाँव, जूते
2. यह हिंडोला है। उत्तर:- हिंडोला
3. हामिद खिसिया जाता है। उत्तर:- हामिद
4. अमीना का दिल कचोट रहा है। उत्तर:- अमीना, दिल
5. चिमटे ने सभी को मोहित कर लिया। उत्तर:- चिमटे

### निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द चुनें-

1. यह देखो हिंडोला है। उत्तर:- यह
2. वह सबको ललचाई आँखों से देखता है। उत्तर:- वह
3. यहाँ कोई धन और पद नहीं देखता । उत्तर:- यहाँ
4. क्यों नहीं कुछ लेकर खाता? उत्तर:- कुछ
5. वह सबके सब आगे बढ़ जाते हैं । उत्तर:- वह
6. उसे ख्याल आया, दादी के पास चिमटा नहीं है । उत्तर:- उसे
7. इसे क्या करेगा? उत्तर:- इसे
8. वह रोने लगी। उत्तर:- वह

### निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द चुनें-

1. मेरा रंग लाल होता है। उत्तर:-लाल
2. व्यस्क पुरुष में मेरी एक बूंद में इनकी संख्या लगभग 50 लाख होती है। उत्तर:-व्यस्क, एक, लगभग 50 लाख
3. इनके स्थान पर नई कोशिकाएं जन्म ले लेती हैं। उत्तर:- नई
4. हमें सदैव संतुलित भोजन लेना चाहिए । उत्तर:- संतुलित
5. मेरी श्वेत कोशिकाएं अपने शरीर में किसी रोगाणु की घुसपैठ के समय किसी बहादुर सिपाही की तरह बचाव के लिए आती हैं। उत्तर:- श्वेत, बहादुर

**निम्नलिखित वाक्यों में से कारक शब्द चुनें और उसकी किस्म बताएं-**

1. दो बसों की टक्कर हो गई।

   उत्तर:- बसों की-सम्बन्ध कारक
2. चंडीगढ़ से शिमला के लिए चले थे ।

   उत्तर:-चण्डीगढ़ से-अपादान कारक, शिमला के लिए-कर्म कारक
3. बाजार में काफी भीड़ थी ।

   उत्तर:- बाज़ार में-अधिकरण कारक
4. लड़कों ने डॉक्टर खन्ना की बहुत सेवा की ।

   उत्तर:- लड़कों ने- कर्ता , खन्ना की -संबंध कारक
5. दोनों लड़के डॉ खन्ना के मुंह बोले बेटे बन गए ।

   उत्तर:- दोनों लड़के-कर्ता, खन्ना के-संबंध कारक
6. डॉक्टर करना ने अपनी आपबीती सुनाई ।

   उत्तर:- खन्ना ने-कर्ता कारक
7. स्ट्रक्चर से उतरकर चप्पल पहनी थी ।

   उत्तर:- स्ट्रेचर से-अपादान कारक
8. हे भगवान! रक्षा करो ।

   उत्तर:- हे भगवान- सम्बम्ध कारक
9. इस लड़कों को पैसे दिए ।

   उत्तर:- लड़कों को-सम्प्रदान कारक
10. दर्पण में देखना चाहते थे।

    उत्तर:- दर्पण में-अधिकरण कारक

---

## (2) मिलान कीजिए से सम्बन्धित प्रश्न

### (i) लिंग बदलो-

| | |
|---|---|
| धोबी-धोबिन | सुनार-सुनारिन |
| ग्वाला-ग्वालिन | तेली-तेलिन |
| ऊँट-ऊँटनी | हंस-हंसिनी |
| शेर-शेरनी | दादा-दादी |
| बालिका-बालक | बच्चा-बच्ची |
| लड़का-लड़की | बेटा-बेटी |
| पति-पत्नी | सास-ससुर |

| | |
|---|---|
| माता-पिता | मासी-मौसा |
| दादी-दादा | साधु-साध्वी |

**(ii) वचन बदलो-**

| | |
|---|---|
| बंदूक-बंदूकें | टोली-टोलियाँ |
| आँख-आँखें | पैसा-पैसे |
| घुड़की-घुड़कियाँ | सड़क-सड़कें |
| किताब-किताबें | दुआ-दुआएँ |
| खिलौना-खिलौने | तांगा-तांगे |
| हिंडोला-हिंडोले | पसली-पसलियाँ |
| उंगली-उंगलियाँ | चर्खी-चर्खियाँ |
| सीढ़ी-सीढ़ियाँ | बुज़ुर्ग-बुज़ुर्गों |
| बच्चा-बच्चे | बीमारी-बीमारियाँ |
| स्थल-स्थलों | जापानी-जापानियों |

**(iii) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें-**

1. सूर्य का उदय होना- सूर्योदय
2. सूर्य का अस्त होना- सूर्यास्त
3. जहाँ तरह-तरह की वस्तुएँ प्रदर्शित किए जाएँ- प्रदर्शनी
4. आराम करने का स्थान- आरामगाह
5. मन मोहने वाला- मनमोहक
6. जो विश्वास के योग्य हो- विश्वासपात्र
7. जो निडरता से कार्य करें- निडर
8. जो कभी ना मरे- अमर
9. जो घोड़े की सवारी करे- घुड़सवार
10. जानने की इच्छा रखने वाला- जिज्ञासु
11. जिसकी आत्मा महान हो- महात्मा
12. हिंसा करने वाला- हिंसक
13. किसी के उपकार को मानने वाला- कृतज्ञ
14. स्कूल का सर्व पर मुख्य अध्यापक- मुख्याध्यापक
15. स्कूल में सुबह आयोजित की जाने वाले सभा- प्रार्थना सभा

16.स्कूटर चलाने वाला व्यक्ति- चालक
17.विद्या प्राप्त करने वाला- विद्यार्थी
18.जो बीमार हो रहे कि जहाँ बीमारों का इलाज हो- अस्पताल
19.चौराहे में लाल बत्ती के पास सड़क पर लगी काली सफेद लाइनें- ज़ेबरा-क्रॉसिंग

---

## (3) रिक्त स्थानों की पूर्ति से सम्बन्धित प्रश्न

### (i) निम्नलिखित कठिन शब्दों के अर्थ बताएँ-

1. 'गर्जना' शब्द का अर्थ है- गरजने की क्रिया
2. 'आपत्ति' शब्द का अर्थ है- एतराज
3. 'सजदे' शब्द का अर्थ है- सर झुकाना
4. 'हिंडोला' शब्द का अर्थ है- झूला
5. 'कोष' शब्द का अर्थ है- खजाना
6. 'कचोट' शब्द का अर्थ है- चुभन
7. 'दामन' शब्द का अर्थ है- आँचल
8. 'मशक' शब्द का अर्थ है- भेड़िया बकरी की खाल को सीकर बनाया हुआ थैला जिसमें भिश्ती पानी डालते हैं
9. 'बेगाना' शब्द का अर्थ है- पराया, अनजान
10. 'मेहर' शब्द का अर्थ है- कृपा
11. 'जटिल' शब्द का अर्थ है- कठिन
12. 'स्वेच्छा' शब्द का अर्थ है- अपनी इच्छा से
13. 'सूर्योदय' शब्द का अर्थ है- सूर्य का बढ़ना
14. 'सूर्यास्त' शब्द का अर्थ है- सूर्य का डूबना
15. 'पथिक' शब्द का अर्थ है- राही
16. 'चकित' शब्द का अर्थ है- हैरान
17. 'घृणा' शब्द का अर्थ है- नफ़रत

### (ii) पाठ्य पुस्तक में आए अति-लघुत्तर प्रश्न-

1 प्रश्न : भाई कन्हैया कौन था?

उत्तर : भाई कन्हैया गुरु गोबिंद सिंह जी का सच्चा सिक्ख था।

2 प्रश्न : वह घायलों की सेवा किस प्रकार करता था?

उत्तर : वह घायलों की सेवा उन्हें पानी पिला कर करता था।

3 प्रश्न : नमाज़ खत्म होने पर लोग क्या करते हैं?

उत्तर : नमाज़ खत्म होने पर लोग एक दूसरे के गले मिलते हैं और उन्हें ईद की बधाई देते हैं।

4 प्रश्न : रमजान के कितने दिनों बाद ईद आती है?

उत्तर : रमजान के पूरे तीस रोज़ों बाद ईद आती है।

5 प्रश्न : कश्मीर के लोगों को क्या कहते हैं?

उत्तर : कश्मीर के लोगों को डोगरी कहते हैं।

6 प्रश्न : सोहन लाल खन्ना चंडीगढ़ से कहाँ जा रहे थे?

उत्तर : सोहन लाल खन्ना चंडीगढ़ से शिमला जा रहे थे।

7 प्रश्न : कितने युवक डॉ खन्ना की ओर लपके?

उत्तर : दो युवक डॉ खन्ना की ओर लपके।

8 प्रश्न : भारतीय इतिहास में गुरु गोबिंद जी का नाम क्यों प्रसिद्ध है?

उत्तर : भारतीय इतिहास में गुरु गोबिंद जी का नाम उनके त्याग, बलिदान और वीरता के कारण प्रसिद्ध है।

9 प्रश्न : ' पाऊँटा' शब्द का क्या अर्थ है?

उत्तर : ' पाऊँटा' शब्द का अर्थ है - पाँव टिकाना ।

10 प्रश्न : सब आफतों से बचने की रामबाण औषधि क्या है?

उत्तर : सब आफतों से बचने की रामबाण औषधि अपनी ज़ुबान पर लगाम लगाना है।

11 प्रश्न : प्रसेनजित कहाँ का राजा था?

उत्तर : प्रसेनजित कौशल की राजधानी श्रावस्ती का राजा था।

12 प्रश्न : अंगुलिमाल कौन था?

उत्तर : अंगुलिमाल एक डाकू था जोकि श्रावस्ती की प्रजा को बहुत कष्ट पहुँचा रहा था।

13 प्रश्न : बाबा अम्बेडकर का जन्म कब, कहाँ और किसके घर हुआ?

उत्तर : बाबा अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल सन् 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ नगर में एक महार परिवार में हुआ।

14 प्रश्न : मालवजी कौन था?

उत्तर : मालवजी शिवाजी की सेना के एक सिपाही का पुत्र था।

15 प्रश्न : लेज़र की खोज किसने की थी?

उत्तर : लेज़र की खोज 1960 में प्रसिद्ध इंजीनियर थोडर मेमाईन ने की थी।

16 प्रश्न : खजूर के फल देखने में कैसे लगते हैं?

उत्तर : खजूर के फल देखने में बदाम और आलूबुखारे जैसे लगते हैं।

17 प्रश्न : रमेश और सुरेश में किस बात की समस्या थी?

उत्तर : रमेश और सुरेश में अपनी माँ को अपने पास रखने की समस्या थी।

18 प्रश्न : भारत के प्रथम नागरिक किसे कहा जाता है?

उत्तर : भारत के प्रथम नागरिक डॉ अब्दुल कलाम को कहा जाता है।

19 प्रश्न : राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का पूरा नाम लिखें।

उत्तर : राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का पूरा नाम डॉ अब्दुल पाकिर जैनुल अब्दुल कलाम है।

20 .प्रश्न : रक्त के कितने अंग होते हैं?

उत्तर : रक्त के आठ अंग होते हैं।

21 प्रश्न : लाल कोशिकाओं का रंग किस पदार्थ के कारण लाल होता है?

उत्तर : लाल कोशिकाओं का रंग 'हीमोग्लोबिन' नामक पदार्थ के कारण लाल होता है।

22 प्रश्न : हीमोग्लोबिन किस - किस तत्व का बना होता है?

उत्तर : हीमोग्लोबिन लोहे और प्रोटीन का बना होता है।

23 प्रश्न : लाल कोशिकाओं का विकास कहाँ होता है?

उत्तर : लाल कोशिकाओं का विकास शरीर कि हड्डियों के खोखले भाग में होता है।

24 प्रश्न : प्लाज़्मा का विकास शरीर के किस अंग में होता है?

उत्तर : प्लाज़्मा का विकास शरीर के लिवर (जिगर) में होता है।

25 प्रश्न : एक व्यस्क स्त्री और पुरुष में प्रति किलोग्राम रक्त की कितनी मात्रा होती है?

उत्तर : एक व्यस्क स्त्री और पुरुष में 74 सी. सी. प्रति किलोग्राम की मात्रा होती है।

26 प्रश्न : स्यू और जॉह्नसी कौन थीं?

उत्तर : स्यू और जॉह्नसी दो नौजवान कलाकार थीं जो छोटे से घर में एक साथ रहती थीं।

27 प्रश्न : बहमैन कौन था?

उत्तर : बहमैन साठ साल का एक बूढ़ा चित्रकार था।

28 प्रश्न : अमरूद को कब खाना चाहिए?

उत्तर : अमरूद को सवेरे, थोड़ा दिन चढ़ने के बाद से लेकर दोपहर तक के बीच खाना चाहिए।

29 प्रश्न : नेत्रदान करने का संकल्प किस-किस ने किया था?

उत्तर : नेत्रदान करने का संकल्प लेखिका तथा उनकी सहेली ने किया था।

**(iii) निम्नलिखित वाक्यों में से सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया चुनें-**

| | |
|---|---|
| 1. दो बसों की टक्कर हो गई थी। | उत्तर:- सकर्मक |
| 2. नींद का झोंका आया । | उत्तर:- अकर्मक |
| 3. वह खिड़की से सटी सीट पर बैठे थे । | उत्तर:- सकर्मक |
| 4. दोनों एक साथ बोले । | उत्तर:- अकर्मक |
| 5. खन्ना साहिब ने दोनों और निगाह दौड़ाई । | उत्तर:- सकर्मक |
| 6. दोपहर का समय था । | उत्तर:- अकर्मक |

7. उसने अपना वाहन रोक दिया । उत्तर:- सकर्मक

8. मार्च का महीना था। उत्तर:- अकर्मक

**निम्नलिखित वाक्यों में उचित योजक शब्द लगाकर वाक्य पूरा करें-**

1. वह संस्कृत पढ़ना चाहते थे लेकिन अध्यापक उन्हें संस्कृत पढ़ाने को तैयार न थे ।
2. उन्होंने दृढ़ निश्चय किया था कि वे समाज के इस व्यवहार के प्रति संघर्ष करेंगे ।
3. वहां उन्हें सबसे प्यार और समानता का व्यवहार मिला ।
4. समाज में मनुष्य शिक्षा से ही सम्मान पा सकता है इसलिए वे अपनी प्रिय अपने प्रिय पुत्र भीमराव को उच्च शिक्षा दिलाने के इच्छुक थे ।
5. वे बौद्ध धर्म को पसंद करते थे क्योंकि वह समानता पर आधारित है ।
6. डॉक्टर अंबेडकर के जीवन को देखकर यही सिद्ध होता है कि कोई भी व्यक्ति जन्म से नहीं बल्कि कर्म से महान बनता है।

**निम्नलिखित वाक्यों में से संबंधबोधक चुनें-**

1. तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों के पास केवल 12 मिनट हैं ।
2. यूटा व माँ घर से बाहर सड़क पर बेतहाशा भागे जा रहे हैं ।
3. वहाँ ज़िंदगी और मौत के बीच केवल तीन मंज़िलों का फर्क है ।
4. लोग सीढ़ियों से ऊपर नहीं चल पा रहे हैं ।
5. यूटा सागा माँ सहित तीसरी मंज़िल पर पहुँच जाता है।

**उपसर्ग लगाकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें-**

अन+होनी=................ उत्तर : अनहोनी

अनु+ सार=............... उत्तर : अनुसार

अन+मोल=............... उत्तर : अनमोल

अनु+शासन=............. उत्तर : अनुशासन

**प्रत्यय को जोड़कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें-**

(1) मर्यादा +इत = मर्यादित

(2) मनुज+ता= मनुजता

(3) अमर+त्व = अमरत्व

(4) क्रोध+इत= क्रोधित

(5) खुश+ई= खुशी

(6) कोमल+ता = कोमलता

(7) नम्र +ता = नम्रता

**सही विस्मयादिबोधक शब्द भरो-**

(1) ...........! मैं क्या झूठ बोल रहा हूँ। (अरे/शाबाश)

(2) .......... !मुझे आपसे यही आशा थी।(अरे/शाबाश

(3) ......... ! मैं स्त्री वध नहीं करूँगा।(ना-ना/आह)

(4) ......... ! मेरी प्रजा पर अत्याचार हो रहा है। (आह/अरे)

**क्रिया विशेषण शब्द भरें-**

(1) कलिंग के फाटक आज बंद हैं।

(2) महृज! आप यहाँ बैठिए।

(3) सैनिक ने अपनी तलवार झटपट संभाल ली।

(4) अधिक मत बोलो।

**(iv) मुहावरों/लोकोक्तियों से सम्बंधित प्रश्न-**

1. हामिद के हाथ में चिमटा देखकर दादी का दिल बैठ गया। (दिल/बेटा)
2. चिमटा खरीद कर आमिर ने मैदान मार लिया। (मैदान/ चूहा)
3. उसके आने से शादी में चार चाँद लग गए। (चाँद/दरवाज़े)
4. सीमा की आवाज़ ने सबका मन मोह लिया। (मन मोह/किराया)
5. थोड़ी दूर चलने पर ही दादाजी की साँस फूलने लग गई। (साँस/ गुब्बारा)
6. दिल्ली के कबड्डी टीम ने इलाहाबाद की टीम के छक्के छुड़ा दिए। (छुड़ा/ खरीद)
7. उसको अख़बार क्यों थमा दिया उसके लिए तो काला अक्षर भैंस बराबर है। (भैंस/ अख़बार)
8. गुरु जी की बातों का सभी बच्चों पर जादू का सा असर हुआ। (जादू का सा/थोड़ा सा)
9. शहर में पाँव जमाते ही उसने अपने बहन भाइयों को भी वही बुला लिया। (पाँव/ बर्फ़)
10. महँगे कपड़े देखकर मनोज के का दिल मचलने लगा। (दिल मचलने/ दिल हँसने)
11. असफल होने पर गुरु जी ने मीना को धीरज बँधाया। (धीरज/ धागा)
12. बहादुर ने तुम्हारा नमक खाया है वह तुम्हें धोखा नहीं देगा। (नमक/ घी)

---

## (4) 'सही/गलत लिखिए''- से सम्बन्धित प्रश्न

**(i) निम्नलिखित संधि/समास शब्दों में सही शब्दों के आगे सही का निशान (✓) और गलत के आगे गलत का निशान(X) लगाएँ-**

**संधि करें**

(1) सम्+विधान= संविधान (✓)

(2) सम्+पूर्ण= संपूर्ण (✓)

(3) सम्+तोष= सम्म्तोष (X)

(4) सम्+कल्प= संकल्प (✓)

**संधि विच्छेद करें**

(1) प्रधानाध्यापक = प्रधान+ अध्यापक (✓)

(2) विद्यालय = विद्य + आलय (X)

(3) संगठित= सम् + गठित (✓)

(4) स्वच्छ= सु +अच्छ (✓)

(5) मनोरम = मनः+रम (✓)

(6) स्वागत= सु+आगत (✓)

**समास विग्रह करें-**

(1) विश्राम स्थल= विश्राम में स्थान (X)

(2) वन सम्पदा = वन की सम्पदा (✓)

(3) जीव-जन्तु= जीव का जंतु (X)

(4) पीपल - बरगद= पीपल और बरगद (✓)

(5) पुत्र इच्छा = पुत्र के लिए इच्छा (X)

(6) युद्ध-सामग्री = युद्ध के लिए सामग्री (✓)

(7) शस्त्र विद्या = शस्त्रों की विद्या (✓)

(8) सेनानायक= सेना संग नायक (X)

(9) शयनकक्ष= शयन के लिए कक्ष (✓)

(10) महाराज= महान है जो राजा (✓)

**(ii) निम्नलिखित भिन्नार्थक शब्द युग्म में से सही शब्द के आगे सही का निशान (✓) और गलत के आगे गलत का निशान(X) लगाएँ-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. और -ओर | तरफ- तथा | (X) |
| 2. कुल- कूल | वंश- किनारा | (✓) |
| 3. अभिराम- अविराम | लगातार- सुंदर | (X) |
| 4. कलि - कली | कलियुग- अधखिला फूल | (✓) |

5. क्रम - कर्म सिलसिला- कार्य (✓)

**(iii) विपरीत शब्द लिखें-**

1. ‘युद्ध’ का विपरीत शब्द होगा- शांति (✓)
2. ‘दु:ख’ का विपरीत शब्द होगा- कष्ट (X)
3. ‘गुरु’ का विपरीत शब्द होगा-शिष्य (✓)
4. ‘मुश्किल’ का विपरीत शब्द होगा-आसान (✓)
5. ‘धरती’ का विपरीत शब्द होगा-पृथ्वी (X)
6. ‘शत्रु’ का विपरीत शब्द होगा - दुश्मन (X)
7. ‘आगे’ का विपरीत शब्द होगा -पीछे (✓)
8. ‘महंगा’ का विपरीत शब्द होगा -सस्ता (✓)
9. ‘धीरे’ का विपरीत शब्द होगा -तेज (✓)
10. ‘विवेक’ का विपरीत शब्द होगा -अविवेक (✓)
11. ‘धूप’ का विपरीत शब्द होगा - उजाला (X)
12. ‘उपस्थित’ का विपरीत शब्द होगा -अनुपस्थित (✓)
13. ‘उचित’ का विपरीत शब्द होगा -अनुचित (✓)
14. ‘एक’ का विपरीत शब्द होगा -अनेक (✓)
15. ‘दिन’ का विपरीत शब्द होगा -दिवस (X)
16. ‘देश’ का विपरीत शब्द होगा -भारत (X)
17. ‘सर्दी’ का विपरीत शब्द होगा -गर्मी (✓)
18. ‘सुबह’ का विपरीत शब्द होगा -शाम (✓)
19. ‘सूर्योदय’ का विपरीत शब्द होगा -सूर्यास्त (✓)
20. ‘लाभ’ का विपरीत शब्द होगा -हानि (✓)
21. ‘थोड़ा’ का विपरीत शब्द होगा -कम (X)
22. ‘झूठ’ का विपरीत शब्द होगा -सच (✓)
23. ‘मालिक’ का विपरीत शब्द होगा-दास (✓)
24. ‘सौभाग्य’ का विपरीत शब्द होगा -दुर्भाग्य (✓)
25. ‘आदर’ का विपरीत शब्द होगा- निरादर (✓)

## (iv) भाववाचक संज्ञा बनाएँ-

1. ‘एक’ की भाववाचक संज्ञा होगी- एकता

   **(✓)**
2. ‘महान’ की भाववाचक संज्ञा होगी -महानता

   **(✓)**
3. ‘समान’ की भाववाचक संज्ञा होगी -असमान

   **(X)**
4. ‘स्वतंत्र’ की भाववाचक संज्ञा होगी -स्वतंत्रता

   **(✓)**
5. ‘विनम्र’ की भाववाचक संज्ञा होगी -विनम्रता

   **(✓)**
6. ‘गहरा’ की भाववाचक संज्ञा होगी -गहराई

   **(✓)**
7. ‘चढ़ना’ की भाववाचक संज्ञा होगी -उतरना

   **(X)**
8. ‘थकना’ की भाववाचक संज्ञा होगी -थकावट

   **(✓)**
9. ‘कर्मठ’ की भाववाचक संज्ञा होगी -कर्मठता

   **(✓)**

## (iv) विशेषण बनाएँ-

1. ‘नीचे’ शब्द का विशेषण होगा-निचला

   **(✓)**
2. ‘आगे’ शब्द का विशेषण होगा -पीछे

   **(X)**
3. ‘पीछे’ शब्द का विशेषण होगा -पिछला

   **(✓)**
4. ‘ऊपर’ शब्द का विशेषण होगा -ऊपरी

   **(✓)**

5. ‘भीतर’ शब्द का विशेषण होगा -बाहर

**(X)**

6. ‘साहित्य’ शब्द का विशेषण होगा -साहित्यिक

**(✓)**

7. ‘धर्म’ शब्द का विशेषण होगा -धार्मिक

**(✓)**

8. ‘साहस’ शब्द का विशेषण होगा -निडर

**(X)**

9. ‘संप्रदाय’ शब्द का विशेषण होगा -सांप्रदायिक

**(✓)**

10. ‘संस्कृति’ शब्द का विशेषण होगा -सांस्कृतिक

**(✓)**

11. ‘स्वभाव’ शब्द का विशेषण होगा -स्वाभाविक

**(✓)**

12. ‘बाहर’ शब्द का विशेषण होगा -बाहरी

**(✓)**

13. ‘परिवार’ शब्द का विशेषण होगा -पारिवारिक

**(✓)**

14. ‘समाज’ शब्द का विशेषण होगा -असमाजिक

**(X)**

15. ‘आरक्षण’ शब्द का विशेषण होगा -आरक्षिण

**(X)**

16. ‘आधार’ शब्द का विशेषण होगा -आधारित

**(✓)**

17. ‘आयोजन’ शब्द का विशेषण होगा -आयोजित

**(✓)**

18. ‘परिश्रम’ शब्द का विशेषण होगा - परिश्रमी

**(✓)**

19.'अनुभव' शब्द का विशेषण होगा -अनुभवी

(✓)

## भाग-ख

### (X) लघूत्तर प्रश्न :

1 प्रश्न : अंगूर ने अपने क्या फायदे बताये?

उत्तर : अंगूर ने अपने बारे फायदे बताये कि देखने में वह जितना छोटा है उतना ही अधिक फायदेमंद है। शरीर में खून बढ़ाने, खून की सफाई करने, पाचनक्रिया ठीक करने, नेत्र-ज्योति बढ़ाने में अति उपयोगी है।

2 प्रश्न : 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' से लेखक का क्या अभिप्राय है?

उत्तर : सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अर्थात् सड़क पर स्वयं भी सुरक्षित ढंग से चलना चाहिए तथा दूसरे की सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए।

3 प्रश्न : किस आयु वर्ष के व्यक्ति रक्तदान कहाँ - कहाँ पर जाकर कर सकते है?

उत्तर : अठारह से पैंसठ वर्ष के स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन महीने बाद स्वेच्छा से किसी मान्यता प्राप्त ब्लड-बैंक में जाकर, रक्तदान शिविर में या आवश्यकता पड़ने पर किसी मरीज को रक्तदान कर सकता है।

4 प्रश्न : कश्मीर अन्य पर्वतीय प्रदेशों से किस प्रकार अलग है?

उत्तर : कश्मीर अन्य पर्वतीय प्रदेशों से अलग है क्योंकि यहाँ के घर, बाज़ार पहाड़ी ढलान पर नहीं बसे हैं बल्कि एक विशाल घाटी के मध्य स्थित होने के कारण यह मैदानी शहरों जैसा ही लगता है।

5 प्रश्न : सड़क पर दिनों-दिन बढ़ती दुर्घटनाओं का लेखक ने क्या कारण बताया है?

उत्तर : सड़क पर दिनों-दिन बढ़ती दुर्घटनाओं का लेखक ने सड़क पर लापरवाही से चलना तथा यातायात के नियमों का पालन न करना कारण बताया।

6 प्रश्न : प्लेटलेट्स कोशिकाएँ रक्त जमाव में कैसे सहायता करती हैं?

उत्तर : प्लेटलेट्स कोशिकाएँ चोट लगने पर बहने वाले रक्त पर प्लाजमा में उपस्थित एक विशेष प्रोटीन के साथ मिलकर, मकड़ीजाल के समरूप एक बढ़िया - सा जाल बना देती हैं।

7 प्रश्न : श्वेत कोशिकाएँ क्या कार्य करती हैं?

उत्तर : श्वेत कोशिकाएँ शरीर में किसी रोगाणु की घुसपैठ के समय किसी बहादुर सिपाही की तरह बचाव करती हैं।

8 प्रश्न : लाल कोशिकाओं का मुख्य कार्य क्या है?

उत्तर : लाल कोशिकाओं का मुख्य कार्य आक्सीजन को फेफड़ों से शरीर तक पहुँचाना और कार्बन - डाई- आक्साइड को फेफड़ों द्वारा बाहर फैंकना होता है।

9 प्रश्न : यूटा सागा अपने माता-पिता के साथ कहाँ रहता था?

उत्तर : यूटा सागा अपने माता-पिता के साथ जापान के मियागी प्रान्त के तटवर्ती इलाके के सेंदई शहर में रहता था।

10 प्रश्न : यूटा सागा के माता-पिता का क्या नाम था और वे क्या कार्य करते थे?

उत्तर : यूटा सागा की माता का नाम अयूमी था जो कि आसूगा यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थी। उसके पिता का नाम ओसामु दाज़ाई था जोकि फुकुशिमा न्यूक्लियर पावर प्लांट में कार्यरत थे।

11 प्रश्न : साइंस सिटी कहाँ पर स्थापित किया गया है?

उत्तर : साइंस सिटी जालन्धर - कपूरथला सड़क पर, पंजाब और केन्द्र सरकार की ओर से संयुक्त रूप में 72 एकड़ भूमि पर स्थापित किया गया है।

## (ii) निम्नलिखित पद्यांश के सरलार्थ करें-

***"अव्वल अल्ला नूर वही है, कुदरत के सब बन्दे,***
***सब जग फैला नूर उसी का, कौन भले कौन मन्दे।"***

उत्तर:

भाई कन्हैया ने गुरु गोबिन्द सिंह जी के समक्ष कहा था कि मैंने तो गुरुवाणी का केवल इतना ही अर्थ समझा है कि मुझे हर प्राणी में परम पिता परमात्मा ही दिखाई देते हैं। मुझे सभी अपने लगते हैं और कोई भी पराया नहीं लगता।

वह परमात्मा ही तो सबसे श्रेष्ठ हैं, प्रमुख हैं, सर्वोपरि है। इस सृष्टि की ज्योति वही है और सारे इन्सान, सारे प्राणी उसी परमात्मा की कुदरत से उत्पन्न हुए हैं। सारे संसार में उसी का तेज फैला हुआ है। केवल वही है जिससे सारी सृष्टि बनी है। जब सभी उस परमात्मा की सन्तान हैं तो फिर कौन अच्छा है और कौन बुरा ? अर्थात् न कोई बुरा है और न अच्छा, न कोई छोटा है और न कोई बड़ा। सारे मानव एक-दूसरे के समान हैं। भाव है कि हमें धर्म और जाति के आधार पर मानव को नहीं बांटना चाहिए।

***2. यह बुरा है या कि ............................................................... पहचान कर ले।***

**व्याख्या -** प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी पाठ्य-पुस्तक में हरिवंशराय बच्चन द्वारा रचित 'पथ की पहचान' शीर्षक कविता से उद्धृत हैं।कवि कहता है कि विवेकपूर्ण कार्य का चुनाव करने के पश्चात् उसकी अच्छाई-बुराई पर सोचना व्यर्थ है- क्योंकि उस पथ को छोड़कर दूसरे पर चलना भी सम्भव नहीं हो सकेगा। कठिनाइयाँ तो हर मार्ग में होती हैं। इसलिए हे पंथी, अपने निश्चित कार्य को श्रेष्ठ समझकर उसे तुरन्त शुरू कर दे। यह कार्य करते समय तुझे आनन्द की अनुभूति होती रहेगी। ऐसा नहीं सोचना चाहिए कि कठिनाइयाँ तुझे ही उठानी पड़ रही हैं। वास्तविकता यह है कि जीवन में जिसे भी सफलता मिली है, वह अपने कार्य को श्रेष्ठ समझता रहा है। इसलिए तुम भी अपने कार्य को श्रेष्ठ समझो। सोच-विचार करना है तो कार्य का चुनाव करने से पहले किया करो।

***3. दो पथ असंयम ............ संभलोगे कभी।***

व्याख्या: कवि कहता है कि हे युवाओ! तुम्हें जीवन में अब सदा ही असंयम और संयम नामक दो रास्ते मिलेंगे। कभी न भूलना कि पहला रास्ता बुरा और अकल्याणकारी है और दूसरा अच्छा और कल्याणकारी है। तुम्हारा मन सदा की तरह तुम्हें पहले रास्ते की ओर झुकायेगा। हर मनुष्य को बुरा रास्ता जल्दी आकृष्ट करता है पर ध्यान रखना कि यदि तुम अभी नहीं सम्भलोगे तो फिर तुम कभी नहीं सम्भल पाओगे। भाव है कि जब मनुष्य एक बार बुराई की राह पर बढ़ चलता है तो फिर आसानी से अच्छाई की राह की ओर नहीं बढ़ पाता।

***4. मेरे विषय विकार जो, बने हृदय के शूल।***
***हे प्रभु, मुझ पर कृपा कर, करो उन्हें निर्मूल |***

व्याख्या: यह दोहा कविवर 'नीरज' द्वारा रचित 'नीरज के दोहे' नामक कविता से लिया गया है। इसमें कवि ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे उनके हृदय को विकारों से रहित बना| कवि कहता है हे भगवन् ! मेरे हृदय में तरह-तरह के विषय-विकार काँटा बनकर चुभे हुए हैं। लोभ, मोह, अहंकार आदि बुराइयाँ मेरे भीतर चुभ कर मुझे सदा कष्ट देते रहते हैं। आप कृपा करके मेरे इन कष्टों और दुखों को सदा के लिए दूर कर दीजिए। भाव है कि कवि अपने जीवन को विषय विकारों से मुक्त करना चाहता है जिससे हृदय में पवित्रता का भाव बना रहे।

***5. हरी-हरी दूब पर***
***ओस की बूंदें***
***अभी थीं,***
***अब नहीं हैं।***
***ऐसी खुशियाँ***
***जो हमेशा हमारा साथ दें***
***कभी नहीं थीं,***
***कहीं नहीं हैं।***

प्रसंग:

प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक में संकलित कविता 'हरी-हरी दूब पर' से ली गई हैं। कवि ने प्रकृति में आने वाले परिवर्तन से अपने जीवन के सुख-दुखों को जोड़कर प्रकट किया है।

व्याख्या:

कवि कहता है कि अभी कुछ देर पहले प्रातः के समय हरी-हरी घास पर ओस की कुछ बूंदें थीं पर वे अब वहाँ नहीं हैं। ऐसी खुशियाँ जो साथ रहें, मन को प्रसन्नता देती रहें, वे सदा हमारे साथ नहीं रहतीं। न तो वे पहले कभी रही थीं और न कभी वर्तमान में रही हैं। भाव है कि जीवन में सुख आते हैं, लेकिन वे क्षणिक होते हैं। वे कुछ देर तक तो हमारे साथ रहते हैं पर समय के साथ वे भी समाप्त हो जाते हैं।

**(iii)निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न लगाएं-**

(1) एक युवक ने हँसते हुए कहा-"हम ही आपको 'पंचायत भवन' पहुँचाएँगे।"
(2) बस हमारे पीछे-पीछे चले आओ।
(3) मुँह खोलने में कष्ट होने पर भी शिष्टाचार के नाते उन्होंने पूछ ही लिया- "बेटा! तुम क्या काम करते हो?"
(4) डॉक्टर ने पूछा, "कहिए दादा! कैसा लग रहा है?"
(5) उन्होंने कहा - "हाँ! अब ठीक हूँ "
(6) जुबानदारी बुरी आदत है।
(7) चुनाव अभियान में लेखक ने खन्ना का पक्ष लिया था।

---

## भाग-ग

## पाठ्य पुस्तक के गद्य भाग में से निबंधात्मक प्रश्न :

**1.प्रश्न : हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा क्यों खरीदा?**

उत्तर : हामिद को मेले में याद आया कि जब भी उसकी दादी रोटी सेकती है तो तवे पर उसके हाथ जल जाते हैं। यदि वह चिमटा खरीद ले तो उसकी दादी बहुत खुश होगी और उसकी उँगलियाँ भी न जलेंगी। घर में एक  काम की चीज़ भी हो जाएगी। इसलिए हामिद ने चिमटा खरीद लिया।

**2 प्रश्न : प्लेटलेट्स की क्या भूमिका है?**

उत्तर : प्लेटलेट्स का आकार छोटी स्पाट-प्लेटों की तरह होता है। ये पारदर्शी कोशिकाएं चोट लगने पर रक्त अधिक बहने से रोकने के लिए जमाव क्रिया में सहायता करती हैं। इनकी संख्या प्रति घन मिलीमीटर में एक लाख पचास हज़ार से चार लाख तक होती हैं।

चोट लगने पर खून बहने पर ये कोशिकाएं प्लाज़मा में उपस्थित एक विशेष प्रोटीन के साथ मिलकर मकड़ीजाल के समरूप एक बढ़िया जाल बना देती हैं। यह जाल खून बहने से रोक लेता है।

**3 प्रश्न : मुगल बागों की क्या विशेषता है?**

उत्तर : मुगल बाग मुगल बादशाहों द्वारा बनाए गए थे। ये बाग शाही आरामगाह के उत्कृष्ट नमूने हैं। इन सीढ़ीनुमा बागों में किसी भी तरफ नज़र दौड़ाओं हर तरफ रंग बिरंगे खिले फूल, मखमली घास, आड़ू, बादाम, चैरी, खुभानी, सेब आदि फलों से लदे बाग्न झूलते हुए नज़र आते हैं।

**4 प्रश्न : गुरु जी ने खालसा पंथ की स्थापना कैसे की?**

उत्तर : सन् 1699 में वैशाखी के पर्व पर गुरु जी ने आनंदपुर साहब में दरबार सजाया। भरी सभा में उन्होंने बलिदान के लिए पाँच शिष्यों की माँग की। गुरु जी की यह माँग सुनते ही सारी सभा में सन्नाटा छा गया। फिर एक- एक करके लाहौर का क्षत्रिय दयाराम, दिल्ली का जाट धर्मदास, द्वारका का धोबी मुहकम चंद, जगन्नाथ का कहार हिम्मतराय, बिदर का नाई साहब चंद पाँचों बलिदान के लिए सामने आए। इस प्रकार गुरु जी ने पाँच प्यारों का चुनाव किया। उन्हें अमृत छकाया तथा उन्हें पाँच ककार धारण कराए।उन सिंहों को सजाया और फिर स्वयं उनसे अमृत छका। इस तरह अन्याय तथा अत्याचार का डट कर विरोध करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की।

**5 प्रश्न : अंगुलिमाल का नाम 'अंगुलिमाल' क्यों पड़ा?**

उत्तर : अंगुलिमाल एक डाकू था। वह जब किसी का वध करता तब उसके शरीर से उसकी उँगली काटकर अपनी माला में गूँथ लेता था। इस प्रकार मारे गये मनुष्यों की उँगलियों

की उसके पास माला - सी तैयार हो गयी थी, जिसे वह गले में पहने रहता था। इसी कारण उसका नाम अंगुलिमाल पड़ गया था।

**6 प्रश्न : खजूर का पेड़ हमें क्या सीख देता है?**

उत्तर : खजूर का पेड़ हमें ऊँचा उठने की निरंतर प्रेरणा प्रदान करता है तथा मानव को यह भी याद दिलाता है कि कठोर परिश्रम और कड़ी तपस्या से आँधी और तूफानों का सामना करके हम भी ऊँचे उठ सकते हैं और नभ के तारे छू सकते हैं।

**7 प्रश्न : अब्दुल कलाम की जीवनी से आपने क्या-क्या सीखा?**

उत्तर : अब्दुल कलाम की जीवनी से हमनें सीखा कि प्रत्येक विद्यार्थी अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करे। प्रत्येक नागरिक एक- दूसरे को अपना ज्ञानधन, खुशी, मुस्कान बाँटें तो एक खुशहाल समाज निर्मित होते समय समय न लगेगा। हमें दूसरों की बुराइयों को नज़र अंदाज करके उनकी अच्छाइयों से सबक सीखना चाहिए।

**8 प्रश्न : वाहन चलाते समय सेफ्टी बैल्ट लगाना क्यों अनिवार्य है?**

उत्तर : वाहन चलाते समय सेफ्टी बैल्ट लगाने से अचानक झटका लगने से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

**9 प्रश्न : फलों को खाने से पहले क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए?**

उत्तर : फलों को खाने से पहले उन्हें खूब अच्छी तरह से धो लेना चाहिए। कुछ फलों की तासीर गरम होती है इसलिए इन्हें खाने से पहले कुछ देर तक पानी में भिगो लेना चाहिए। फलों को उनके छिलके सहित खाना चाहिए। छिलके उतारने से फलों के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं।

**10 प्रश्न : खजूर के क्या-क्या लाभ हैं?**

उत्तर : खजूर एक अत्यंत पौष्टिक एवं अपने आप में हर प्रकार से सम्पूर्ण भोजन है। इसमें सब प्रकार के खनिज और विटामिन होते हैं जो मानव शरीर के विकास एवं स्वरूप के लिए आवश्यक होते हैं। सूखी हुई खजूर को औषधि के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शादी - विवाह और अन्य शुभ अवसरों में इसका प्रयोग शुभ माना गया है।

(iii)

----------------------------------------------------------------------------------------

## भाग घ

## निबंध

# आदर्श विद्यार्थी

एक आदर्श विद्यार्थी का लक्ष्य होता है कि वह अच्छी तरह मेहनत करके पढ़ाई करे और एक सफल व्यक्ति बने, वह हमेशा अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए ही सोचे। एक आदर्श विद्यार्थी ईमानदार, सच्चा और वफादार होता हैं। उसे हमेशा हम आदर्श विद्यार्थी कह सकते हैं जो सच बोलता है और अपने काम को मेहनत से करता है। जो विद्यार्थी अपने शिक्षक और स्कूल में बने नियमों का पालन करते हैं, अपने शिक्षक का सम्मान करते हैं, उन्हें भी आदर्श विद्यार्थी कहा जाता है। जब विद्यार्थी अपने शिक्षक के प्रति सम्मानजनक और ईमानदार होगा तभी वह एक आदर्श विद्यार्थी होगा। आज के विद्यार्थी ही हमारे देश का भविष्य होंगे |आज

के विद्यार्थी पढ़-लिखकर नए-नए आविष्कार और तकनीकों को खोजेंगे, जिससे हमारा देश और भी विकसित हो सकता है।

# मेरा प्रिय खिलाड़ी



आज क्रिकेट जगत में सचिन तेंडुलकर एक बहुत ही लोकप्रिय नाम है । सचिन के बिना भारतीय टीम अधूरी लगती है। यही सचिन मेरा प्रिय खिलाड़ी है। सचिन सभी लोगो के इतने प्रिय है कि उन्हें क्रिकेट का भगवान भी कहते हैं।

वर्ष 1989 में सचिन भारत की राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए| उनकी आयु मात्र 16 वर्ष की थी , जब उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला। तब से आज तक वह भारतीय क्रिकेट टीम का स्टार बल्लेबाज बने हुए हैं। टेस्ट मैचों में उन्होंने 51 शतक बनाए हैं। एक

दिवसीय मैचों में उन्होंने 49 शतक बनाए है। सबसे पहले 16000 से अधिक रन बनाने वाले वह दुनिया का पहला खिलाड़ी है।

उन्होंने 39 वर्ष की उम्र में क्रिकेट जगत से रिटायरमेंट ले ली। जब भी सचिन मैदान में खेलने के लिए उतरते थे तो स्टेडियम में चारों तरफ बस 'सचिन' 'सचिन' गूंजना शुरू हो जाता था। मैं आज भी उन्हें खेलते हुए देखना चाहता हूँ।

# मेरे जीवन का लक्ष्य

हर विद्यार्थी के जीवन का कोई ना कोई लक्ष्य होता है, कोई किसी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है , तो कोई किसी क्षेत्र में अपना नाम कमाना चाहता है, अपने जीवन के लक्ष्य के द्वारा ही व्यक्ति एक सुखी जीवन का आनंद ले सकता है।

मैंने अपने जीवन में देश की सेवा करना ही मुख्य लक्ष्य बनाया है ।वर्दी पहने जवानों को जब मैं देखता हूँ तो मैं बहुत उत्साहित होता हूँ। मेरे पिता जी भी फौज में एक ऊँचे पद पर है। सभी उनका बहुत सम्मान करते हैं। उनके साहस की बातें सुनकर मेरे मन में भी फौजी बनने की इच्छा प्रबल हो उठती है।

मेरे माता-पिता मुझे अपने लक्ष्य की ओर सदा प्रोत्साहित करते हैं। मैं भी स्वयं को जल्दी फौजी की वर्दी को देखना चाहता हूँ । यही मेरे जीवन का लक्ष्य है।

# मोबाइल के लाभ और हानि

आज के युग में मोबाइल फोन हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। आज हर व्यक्ति के पास मोबाइल फोन है, चाहे गरीब हो या अमीर हो। आज स्मार्ट फोन का जमाना है

## मोबाइल के लाभ-

आप इसमे चैटिंग और शेयरिंग कर सकते हैं इसके लिए एक्स्ट्रा पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं है। बस इंटरनेट पैक होना जरूरी है। आप अपने दोस्तों से फोटो, वीडियो, म्युज़िक और अपनी लोकेशन भी शेयर कर सकते हैं।

आप कई प्रकार के बिल बिजली, पानी, रेल्वे टिकट आदि बुक करवा सकते हो ।आप अपनी शिक्षा ऑनलाइन ले सकते हो ।अपना नतीज़ा भी ऑनलाइन देख सकते हो।

## मोबाइल के नुकसान-

मोबाइल का उपयोग करने के जहां कई लाभ हैं, वहीं नुकसान है।

मोबाइल के कारण मानव शरीर में बहुत सारी बीमारियाँ हो सकती है।

इसके अलावा मोबाइल का अधिक इस्तेमाल आपको मानसिक रोगी, कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, डायबिटिज, हृदय रोग आदि कई बड़ी बीमारियाँ भी दे सकता है। मोबाइल हैकर्स आपकी गुप्त जानकारियाँ चुराकर उसका गलत उपयोग कर सकते हैं।

स्मार्ट मोबाइल फोन के इस युग में इंटरनेट होने से बच्चों को गलत जानकारियां भी मिल सकती है। मोबाइल फोन के कारण छात्रों की पढ़ाई-लिखाई बहुत कमजोर हो गई है। महंगाई के इस युग में मोबाइल फोन के कारण फिजूल खर्च बढ़ गया है।

मोबाइल का प्रयोग हमें अपनी सोच, समझ और विवेक से करना चाहिए। इसका ज्यादा प्रयोग हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

---------------------------------------------------------------------------

## (ii) पत्र लेखन

## स्कूल छोड़ने प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रधानाचार्य जी को प्रार्थनापत्र।



उत्तर :-

17 अप्रैल ......

सेवा में,
प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या जी
.................. विद्यालय
................... शहर

विषय : विद्यालय छोड़ने का प्रमाण - पत्र देने के लिए प्रार्थना पत्र।

आदरणीय महोदय / महोदया,
सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय के कक्षा 8 का छात्र हूँ। मेरे पिता एक सरकारी कर्मचारी हैं और उन्हें जालंधर से अमृतसर स्थानांतरित कर दिया गया है। जालंधर से अमृतसर बहुत दूर पड़ता है। जिसकी वजह से मुझे जालंधर से अमृतसर आने में बहुत कठिनाई होती है। इसलिए मै वही किसी स्कूल में प्रवेश लेना चाहता हूँ।

अतः आपसे अनुरोध करता हूँ कि मुझे विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र देने की कृपा करें, ताकि मेरा प्रवेश अमृतसर के किसी विद्यालय में हो सके। आपकी इस कृपा के लिए मैं सदा आपका आभारी रहूँगा।

धन्यवाद!

आपकी आज्ञाकारी छात्र / छात्रा
नाम- ........................
कक्षा :

## छुट्टियों में अपने मित्र को पास बुलाने के लिए एक पत्र लिखिए।

परीक्षा भवन ,
.......... शहर
दिनांक: 05-06-2022
प्रिय मित्र अनुज,
सप्रेम नमस्कार
मैं यहाँ कुशल मंगल से हूँ और तुम्हारी कुशलता की कामना चाहता हूँ। तुम्हारा पत्र मिला और उससे यह जानकारी हुई कि तुम मेरे अवकाश के कार्यक्रम के बारे में जानना चाहते हो। अभी तो मैं पढ़ाई में व्यस्त था इसलिए कुछ सोच नहीं पाया। लेकिन अब मेरा कार्यक्रम तय हो गया है। इस बार मैं छुट्टियों में अपने गाँव दादा जी के पास जाना चाहता हूँ ।
शहर की भीड़-भाड़ से दूर कुछ दिन मैं गाँव की अमराईयों और नदी के किनारे बिताना चाहता हूँ। मेरे चचेरे भाई-बहन मुझसे मिलने के लिए आतुर है इसलिए मैं चाह रहा था कि तुम भी आ जाओ और हम सब इस बार की छुट्टियाँ गाँव में एक साथ मिलकर बिताएंगे। मुझे पता है कि अब तक तुमने किसी गाँव को नजदीक से नहीं देखा होगा क्योंकि तुम्हारी कई पीढ़ियाँ शहरों में ही रहती आई है।
तुम्हें गाँव की संस्कृति और रहन-सहन देखने की जिज्ञासा अवश्य होगी।
अपने पिताजी से अनुमति लेकर मुझे अवश्य बताना। मुझे अच्छी तरह पता है कि तुम्हें मेरे साथ आने में कोई दिक्कत नहीं होगी।
तुम्हारी सहमति की प्रतीक्षा में
तुम्हारा अभिन्न मित्र
राहुल

## अपने छोटे भाई को प्रात: काल भ्रमण के लाभ बताते हुए पत्र लिखिए|

परीक्षा भवन,

...............

1 अक्तूबर 2022

प्रिय भाई अनिल,

सस्नेह आशीष।

तुम्हारा पत्र मिला। तुमने लिखा है कि तुम्हारा स्वास्थ्य खराब रहता है।
प्रिय अनुज! प्रात: काल की सैर तथा व्यायाम आवश्यक है, लेकिन एक तुम हो कि कभी प्रात: काल की सैर की सैर पर नहीं जाते। सुबह वातावरण शुद्ध और शांत होता है| प्रात: काल भ्रमण के बहुत लाभ होते हैं जैसे-शरीर के अंग प्रत्यंग में नए रक्त का संचार होता है। जल्दी-जल्दी सांस लेने के कारण फेफड़े खुलते हैं और उनमें ऑक्सीजन अधिक जाती है, जिससे रक्त शुद्ध होता है।
शरीर की त्वचा के रोम छिद्रों के रास्ते, शरीर में पसीने के रास्ते तथा शरीर के भीतर के विकार बाहर निकल जाते हैं। शरीर की हड्डियों तथा अंगों में लचक पैदा होने के कारण चुस्ती फुर्ती आती है। प्रात: काल की सैर करने वाला व्यक्ति हमेशा खुश तथा स्वस्थ रहता है|
आशा है कि आप नियमित रूप से प्रात: काल की सैर करेंगे और आपकी शारीरिक सारी समस्याएं तथा मानसिक समस्याएं अपने आप ही दूर हो जाएंगी।

तुम्हारा भाई,

राजन

## **प्रधानाचार्य को छात्रवृति के लिए आवेदन पत्र!**

सेवा में,

प्रधानाचार्य जी,

राजकीय माध्यमिक विद्यालय

............. शहर ।

मान्यवर,

सविनय निवेदन है कि मैं आठवीं कक्षा का छात्र हूँ । मेरे पूज्य पिता जी काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं । पेंशन की अल्प राशि में दवा उपचार ही मुश्किल से चल पा रहा है । रोटी पानी के लिए माता जी सिलाई कर लेती हैं । परिवार के पाँच प्राणियों में इसके सिवा आय का और कोई साधन नहीं है । हम तीन बहन भाई पढ़ने वाले हैं।कमर तोड़ महँगाई और अध्ययन की ओर रुचि ने आपसे निवेदन करने के लिए बाध्य कर दिया है ।

मै अब तक सभी कक्षाओं में प्रथम आता रहा हूँ । खेल एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं में भी कई पुरूष्कार ले चुका हूँ । अत: आप से करबद्ध प्रार्थना है कि मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए मुझे छात्रवृत्ति प्रदान कर कृतार्थ करें । आप की कृपादृष्टि मुझे इस दिशा में साहस प्रदान करेगी ।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

..............................

कक्षा आठवीं

------------------------------------------------------------